**खबर संक्षेप**

## पिछले 24 घंटों में जिले में 3.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**खंडवा ।** जिले में गत चौबीस घंटों में 3.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में पुनासा तहसील में 4 मिली मीटर, खालवा तहसील में 8 मिमी, खंडवा तहसील में 2 मिली मीटर तथा हरसूद तहसील में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है जबकि पंधाना तहसील में पिछले 24 घंटे में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 1 जुलाई तक 148.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 169.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 205 मिली मीटर हरसूद तहसील में 162 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 124 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 164 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 194 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

## पेपर बेग व जूट बेग बनाने के नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु 2 तक करें आवेदन

**खंडवा ।** स्टार ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान, खंडवा में जिले की ग्रामीण बेरोजगार युवतियों के लिए 3 जुलाई से पेपर बेग एवं जूट बेग का 14 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण होना है। आरसेटी, खंडवा के निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिले की इच्छुक महिलायें 2 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज के 4 फोटो, मार्कशीट जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, अंतिम परीक्षा की मार्कशीट, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, मतदाता परिचय पत्र संलग्न करना होगा। निदेशक आरसेटी ने बताया कि आवेदन के साथ आवेदक के परिवार में यदि कोई स्वयं सहायता समूह से जुड़ा है तो उससे संबंधित दस्तावेज या प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने संबंधी दस्तावेज या बी.पी.एल. राशन कार्ड या मनरेगा जॉब कार्ड में से कोई एक पत्रक संलग्न करना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, हरसूद नाका, खंडवा में संपर्क कर सकते हैं।

## 2 दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता 4 व 5 जुलाई को

**खंडवा।** इंस्पायर अवॉर्ड योजना अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरजकुण्ड में होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 4 व 5 जुलाई को जिले के वर्ष 2023-24 के 41 एवं वर्ष 2024-25 के 53 कुल 94, चयनित अवार्डी विद्यार्थी अपने आईडिया अनुसार प्रोटोटाइप मॉडल व प्रोजेक्ट के साथ सहभागिता करेगें।

# लुटेरी दुल्हन गेम का पर्दाफाश चौकी छतरियां सेंधवा ग्रामीण पुलिस की बड़ी सफलता

## शादी का झांसा देकर नकदी व जेवरात की ठगी करने वाली महिला सहित गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, बड़वानी।**

पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे 'विशेष अभियान' के अंतर्गत थाना सेंधवा ग्रामीण की पुलिस टीम ने एक संगठित लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश करते हुए महिला सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर नकद 65,500/- एवं लगभग 500 ग्राम चांदी के जेवरात (कुल मशरूका 1,15,500/-) बरामद किए हैं।

प्रकरण का विवरण- दिनांक 30 जून 2025 को फरियादी वेस्ता पिता चहारिया कलेश निवासी ग्राम वरदला, थाना सोरवा (जिला अलीराजपुर) ने चौकी चाचरिया पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपीगणों ने उसके छोटे भाई नानसिंह की शादी कराने के नाम पर 1,20,000/- नगद एवं चांदी का हार (500 ग्राम, 50,000/- कीमत) ले लिए और विवाह उपरांत फरार हो गए।

पूछताछ और विवेचना में यह सामने आया कि आरोपी कैलाश पिता नवलसिंह ने गुजरात में मजदूरी के दौरान फरियादी से जान-पहचान बनाई और भाई के विवाह हेतु ÷लड़की उपलब्ध÷ होने का झांसा दिया। इसके बाद आसमा नामक युवती को लड़की बताकर रीतिरिवाज अनुसार विवाह कराया गया और 1.7 लाख नगद व जेवरात की सौदेबाजी की गई। बाद में आरोपीगण फरार हो गए। पूछताछ में यह भी



सामने आया कि रामदास जो लड़की का भाई बताया गया था, वास्तव में उसका पति है।1. ईलामसिंह उर्फ ईलु पिता गोविंद बर्डे, निवासी ग्राम सिरवेल2. कैलाश पिता नवलसिंह चौहान, निवासी ग्राम अम्बाखेड़ा, जिला खरगोन3. रामदास पिता भीमसिंह पंवार, निवासी ग्राम मोरदड़ 4. हिरालाल पिता नवलसिंह बर्डे, निवासी ग्राम सिरवेल 5. आसमा पति रामदास पंवार, निवासी ग्राम मोरदड़ जप्त मशरूका- आरोपी ईलामसिंह से 15,000 नगद एवं 500 ग्राम चांदी का हार (कीमत 50,000) कैलाश से 17,500 नगद, रामदास से 15,000 नगद, हिरालाल से13,000 नगद आसमा से 5,000 नगद व इकरारनामा कुल जप्त संपत्ति 1,15,500/। कानूनी कार्यवाही- फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 364/2025, धारा 316(5), 318(4), 61(2), 3(5) ब्न्हस् के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार पुरी, चौकी प्रभारी,स्ढ्ढ संजय शर्मा, ॥ष्ट रामकिशोर प्रजापति, ॥ष्ट बबलू तलवारे, आरक्षक विकास मोरे, गिलदार डावर, लोकेश मंडलोई, विनोद पाटीदार, लालसिंह नार्वे, रेशम चौहान, प्रियंका डावर एवं सायबर सेल से प्र.आर. योगेश पाटील की साहसिक एवं समर्पित भूमिका रही।

बड़वानी पुलिस आमजन को विश्वास, अपराधियों में भय की नीति पर कार्य कर रही है। इस तरह की ठगी एवं विवाह छल के मामलों पर पुलिस की सख्त नजर बनी हुई है।

## राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर जिला अस्पताल में डॉक्टरो का हुआ सम्मान

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा।**



मरीजों की सेवा एवं उनके इलाज करने को लेकर मानना है कि डॉक्टर भी भगवान का रूप होते हैं, जो मरीजो के जीवन को बचाते हैं, हर चिकित्सक डॉक्टर अपने मरीज को भरपूर प्रयास करते हुए उसकी सेवा करते हुए इलाज के माध्यम से उसे स्वस्थ करता है, समाजसेवी सुनील जैन बताया कि डॉक्टर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए उनका सम्मान भी जरूरी है, डॉक्टर्स दिवस हर साल 1 जुलाई को पूरे देश में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य डॉक्टर्स के योगदान को सम्मान देना है। इस दिन के माध्यम से आम जनता को स्वास्थ्य और डॉक्टरों की भूमिका के प्रति जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर आज शहर में सभी सामाजिक संस्थाओं द्वारा डॉक्टर का स्वागत और सम्मान किया गया। इसी कड़ी में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल, डॉ.शक्ति सिंह राठौड़, डॉ. कलमें, डॉक्टर डॉक्टर कृष्णा वास्कले, डॉक्टर श्री कलमे, डॉ. दीपक तिवारी डॉ. आनंद होलकर एवं उपस्थित डॉक्टरों का स्वागत व सम्मान कर उन्हें मिठाई खिलाकर सेवा कार्य के लिए समाजसेवी सुनील जैन, सोशल मीडिया के एक्सपर्ट भरत पटेल गोलू, नारायण बाहेती अश्विन लुक, नितिन झवर द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी गई।

## विधि प्रकोष्ठ ने खंडवा में शासकीय विधी महाविद्यालय की फैकल्टी खोले जाने हेतु मुख्यमंत्री को दिया मांग पत्र

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा।**

निमाड़ के खरगोन और बड़वानी जिलों में पूर्व से शासकीय विधी महाविद्यालय स्थापित है जबकि खंडवा और बुरहानपुर में शासकीय महाविद्यालय ना होने से विधि के क्षेत्र में अध्ययन करने के इच्छुक विद्यार्थियों को विधि की शिक्षा हेतु खंडवा से बाहर जाना होता है ऐसे में इंदौर भोपाल आदि बड़े शहरों में रहने खाने आदि के बड़े खर्चे को ग्रामीण क्षेत्र के और विशेष तौर पर गरीब परिस्थितियों के विद्यार्थी वहन नहीं कर पाते हैं जिसके चलते ऐसे विद्यार्थी में बीच में ही विधि की शिक्षा को छोड़ देते हैं। समाज सेवी व सुनील जैन ने बताया कि निजी महाविद्यालयो में उच्च स्तरीय सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती है ऐसे में खंडवा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय हुकुमचंद महाविद्यालय अथवा श्री नीलकंठ महाविद्यालय में 3 और 5 वर्षीय विधि शिक्षा हेतु उक्त महाविद्यालय में फेकल्टी स्थापना को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता



देवेंद्र सिंह यादव के द्वारा खंडवा के सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल के माध्यम से कल खंडवा पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही मांग पत्र सम्बन्धी फाइल सौपी।

विधि प्रकोष्ठ द्वारा विधि शिक्षा हेतु नीलकंठेश्वर कॉलेज में लॉ फैकेल्टी की मांग को खंडवा की विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर एवं महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने भी समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र जारी किए हैं।श्री यादव ने बताया कि खंडवा में नीलकंठ महाविद्यालय में तीन वर्ष और 5 वर्ष की विधि फैकल्टी की स्थापना से खंडवा शाहिद आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में शिक्षा अर्जन का लाभ प्राप्त होगा।

विधि प्रकोष्ठ की इस मांग का समर्थन करने और मुख्यमंत्री तक मांग पत्र पहुंचने के लिए विधि प्रकोष्ठ द्वारा सासंद ज्ञानेश्वर पाटिल विधायक कंचन मुकेश तंनवे महापौर अमृता यादव भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर का भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन गंगराड़े रविन्द्र पाथरिकर, विजय चौधरी प्रेमांशु जैन, भानुप्रताप मौर्य अभिषेक मालाकार योगेश गुप्ता राकेश थापक अरुण दुबे हिरदेश बाजपेई रजनीश सोनी जसवंत परमार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने सासंद ज्ञानेश्वर पाटिल विधायक कंचन मुकेश तंनवे महापौर अमृता अमर यादव भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर का आभार व्यक्त कर धन्यवाद अदा किया।

## दादाजी धाम पर भव्य मंदिर निर्माण को लेकर आयोजित हुई विचार संगोष्ठी



**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा।**

मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई खंडवा के तत्वावधान में डॉक्टर जगदीश चंद्र चौरे की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष मंगला चौरे के मुख्य आतिथ्य में एवं कविता विश्वकर्मा तथा अनुराधा जी के विशिष्ट आतिथ्य में दादाजी धूनीवाले के मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गोष्ठी के प्रारंभ में मां सरस्वती की वंदना दीपक चाकरे के द्वारा प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आगाज किया जाकर साहित्य जगत के सुनील चौरे उपमन्यु ने दादाजी मंदिर के शिलान्यास समारोह का श्रेय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, ,महापौर और अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे एवं प्रमुख रूप से कलेक्टर ऋष्व गुप्ता को देते हुए उन्हें धन्यवाद देते हुए दादाजी के चमत्कार के संस्मरण सुनाए। इसी प्रकार कविता विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में दादाजी के नाम से चिकित्सा एवं शिक्षा जगत में विकास करने की संभावनाएं प्रबल है। सुरेंद्र गीते, देवेंद्र जैन, मंगला चौरे, गोविंद शर्मा, अनुराधा जी, महेश मूलचंदानी, कविता विश्वकर्मा, डॉ0 रश्मि दीक्षित, दीपक चाकरे, ओम चौरे, माधुरी श्रीवास्तव, हेमंत उपाध्याय सुनील जैन ने भी पूज्य दादाजी के चमत्कार के विषय में सदन को अवगत कराया। डॉ जगदीशचंद्र चौरे (92) ने अपने विचार में छोटे दादाजी से संबंधों के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रदेश की अन्य तीर्थ नगरी की भाति खंडवा को भी पवित्र नगरी एवं दादाजी लोक का दर्जा दिया जाता है, तो शहर का तेजी से विकास होना संभावित है। कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र जैन ने किया तथा दीपक चाकरे ने आभार माना।

## घर घर जाकर बनाये जा रहे हैं वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड

**खण्डवा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्राम स्तर पर सी.एच.ओ., एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड घर घर जाकर बनाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की श्रेणी के अंतर्गत शेष पात्र हितग्राहियों के कार्ड स्वास्थ्य टीम द्वारा बनाये जा रहे हैं। पात्र हितग्राही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर सी.एच.ओ., ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवायें।

## जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा ।**

मंगलवार को विश्व डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.के. सेठिया, मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले, डॉ. सुनील बाजोलिया, डॉ. नितिन कपूर, डॉ. कृष्णा वास्केल, डॉ. संदीप, सहित अन्य चिकित्सकों एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. राजुल सोनी ,सेक्रेटरी डॉ. सिद्धार्थ श्रीमाली, डॉ. रक्षा श्रीमाली, डॉ. अमित सिंह, डॉ.



रोहित चौरे, डॉ. सुमित महेश्वरी सहित अन्य डॉक्टर्स ने रक्तदान किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.एल. गुप्ता, डॉ. मुनीश मिश्रा, डॉ. राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में कुल 46 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। डॉ. अतुल माने द्वारा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किये।

# जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ने जनसुनवाई करते हुये 50 आवेदकों को सुना

**पीपुल्स प्रवक्ता, बड़वानी ।**

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ने जनसुनवाई करते हुये 50 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।जनसुनवाई में ग्राम कासेल निवासी श्री मांगीलाल पिता लालाजी ने आवेदन देकर बताया कि वे दोनो पैरो से विकलांग है। कही पर आने-जाने में दूसरे का सहारा लेना पड़ता है। जिससे उनको काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इसलिये मुझे शासन के नियमानुसार एवं मेरी परेशानियो को समझते हुये यदि मुझे ट्रायसिकल मिल जाये तो वे उन्हें आने-जाने में परेशानियो का सामना न करना पड़ेगा । इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री काजल जावला ने आवेदन को सामाजिक न्याय विभाग में भेजकर निराकरण एवं पात्रतानुसार लाभ देने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में ग्राम सजवानी के श्री जितेन्द्र पिता बद्री ने आवेदन देकर बताया कि उनके दो बालक दिव्यांग एवं मंदबुद्धी के है। अगर उसे किसी छात्रावास में प्रवेश दिलाया जाये तो मेरे बालक का भविष्य उज्जवल हो



सके । वहीं बड़ा बालक नीरज 5वी कक्षा उत्तीर्ण हो गया है। किन्तु उनकी याददास्ता बहुत कमजोर है तथा दूसरा बालक मोहित जो कि पूरी तरह से दिव्यांग है। उसको खाना भी हमे ही खिलाना पड़ता है। वह बोल भी नहीं पाता है। अगर वह बोलता है तो उसकी रट लगा लेता है। इसलिये मेरे दूसरे बालक मोहित का उचित इलाज करवाया जाये। साथ ही मेरे बालक की उम्र 8 साल है तथा राशन भी मिलना बंद हो गया । क्योंकि फिंगर नहीं आते, इसलिये राशन भी दिलवाया जाये । इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री काजल जावला ने आवेदन को डीपीसी को भेजकर निराकरण एवं पात्रतानुसार लाभ देने हेतु निर्देशित किया।

### ध्वनि एवं वायु प्रदुषण से निजात दिलवाई जाये

जनसुनवाई में राखी बुजुर्ग, बांदरियाबड़, भातकी, धावड़ी, बायगौर, करणपुरा के 15 - 20 निवासियो ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर बताया कि शासकीय हाई स्कूल राखी बुजुर्ग के पास ईट बनाने वाले कुम्हारो ने स्कूल के पास ईट भटटे लगाने से ध्वनि एवं वायु प्रदुषण के चलते विद्यार्थियो को पढ़ाई करने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। साथ की इस ध्वनि एवं वायु प्रदुषण से विद्यार्थियो के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। इस जगह वर्तमान में बालक एवं बालिकाओं के रहने के लिये छात्रावास भवन का निर्माण कार्य भी प्रगति है। यहॉ पर दिन भर टेउ्रक्टर एवं डम्पर चलने से शोर व धुल उडना व दुर्गंध की समस्या आ रही है। इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री काजल जावला ने आवेदन को तहसीलदार पानसेमल को भेजकर उक्त समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये । जनसुनवाई में कार्यरत वर्करो ने आवेदन देकर बताया कि वे पवनश्री फूड इंटर नेशनल प्रायवेट लिमिटेड इन्दौर की कम्पनी में गत वर्ष के लगभग बड़वानी जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर टेलिमेडिसिन का कार्य करते थे । लेकिन मार्च, अप्रैल एवं मई की मजदूरी का भुगतान नहीं दिया और जून माह से काम बंद कर दिया गया है। इस संबंध में कम्पनी के अधिकारियो द्वारा कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। हमें मार्च से मई तक जो कार्य किया गया उसकी मजदूरी का भुगतान करवाया जाये । इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ने सीएचएमओ तथा श्रम विभाग बड़वानी को आवेदन भेजकर निर्देशित किया कि कम्पनी के अधिकारियो से सम्पर्क कर निराकरण करने के निर्देश दिये । जनसुनवाई में ग्राम सेमल्दा डेब के निवासियो ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर बताया कि ठीकरी- बड़वानी रोड़ के दक्षिण दिशा की ओर ग्राम सेमल्दा डेब में आबादी तक ग्रामवासियो तथा स्कूल के बच्चो को आने - जाने का एक मात्र रास्ता है। विगत दिनो हुई वर्षा से उक्त रास्ते पर किचड़ ही किचड होने से स्कूल जाने वाले बच्चो एवं राहगीरो को बहुत दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होने जनपद पंचायत ठीकरी को भी अवगत कराया था । किन्तु उनके द्वारा भी उक्त समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है। इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ने आवेदन को जनपद पंचायत ठीकरी के सीईओ को भेजते हुए शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया।